बिहार सरकार
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

पत्रांक– वि०प्रा० (II)स्था०–16 / 2026 /पटना, दिनांक–

सेवा में,

महालेखकार (ले० एवं हक),
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना

वित्त विभाग द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

विषयः– "डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कम्प्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय" के प्रशासनिक कार्यों के प्रयोजनार्थ पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के कुल 34 (चौंतीस) पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

आदेशः– स्वीकृत

राज्य सरकार द्वारा "डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कम्प्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय" के प्रशासनिक कार्यों के प्रयोजनार्थ प्रारंभिक रूप से पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के 34 (चौंतीस) पदों के सृजन की स्वीकृति निम्नवत प्रदान की जाती हैः–

क्र० सं०	पदनाम	पदों की संख्या	अनुमान्य वेतन स्तर	नियुक्ति की प्रक्रिया
1	कुलपति	1	रू० 2,10,000/– (नियत वेतन) + विशेष भत्ता रू० 11,250/–	"डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कम्प्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम–2026" के आधार पर
2	अधिष्ठता (डीन) (छात्र कल्याण–1, संकायाध्यक्ष–1, योजना, विकास और औद्योगिक परामर्श–1)	3	वेतन स्तर–14	
3	कुलसचिव	1	वेतन स्तर–14	
4	वित्त पदाधिकारी	1	वेतन स्तर–12	
5	परीक्षा नियंत्रक	1	वेतन स्तर–12	
6	पुस्तकालयाध्यक्ष	1	वेतन स्तर–6	

7	कार्यालय अधीक्षक	1	वेतन स्तर–7	विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय संस्थानों के लिपिकिय संवर्ग नियमावली के आधार पर नियुक्त किये जायेंगें।
8	प्रधान लिपिक	3	वेतन स्तर–6	
9	उच्चवर्गीय लिपिक	6	वेतन स्तर–4	
10	निम्नवर्गीय लिपिक	12	वेतन स्तर–2	
11	आशुलिपिक / आशुटंकक	3	वेतन स्तर–4	विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय आशुलिपिकिय संवर्ग नियमावली के आधार पर नियुक्त किये जायेंगें।
12	निजी सहायक (कुलपति हेतु)	1	वेतन स्तर–6	
कुल		34		

4. ऊपर वर्णित पदों के सृजन पर कुल रू० 3,58,50,360 / –(तीन करोड़ अन्ठावन लाख पचास हजार तीन सौ साठ रूपये) मात्र वार्षिक आवर्त्तक व्यय संभावित है।

5. उक्त सृजित पदों के व्यय भार का वहन, माँग संख्या–43 के अन्तर्गत ''डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कम्प्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय'' के लिए स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय बजट ''मुख्यशीर्ष–2203 तकनीकी शिक्षा, उप मुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष– 102–तकनीकी शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय को सहायता, उपशीर्ष–0003– डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कम्प्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय, विषय शीर्ष– 31 04–सहायक अनुदान वेतन एवं विपत्र कोड–43–2203001020003'' में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

6. उक्त विश्वविद्यालय के लिए स्वीकृत एवं आवंटित राशि की निकासी सचिवालय कोषागार निर्माण भवन पटना से की जाएगी।

7. उक्त विश्वविद्यालय के लिए स्वीकृत एवं आवंटित राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, उप निदेशक (त०) विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना होंगे।

8. यह स्वीकृत्यादेश राज्य मंत्रिपरिषद की दिनांक–30.09.2026 को सम्पन्न बैठक में मद संख्या–22 की स्वीकृति के आलोक में निर्गत किया जा रहा है, स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति पृष्ठ–15/टि० पर प्राप्त है।

9. वित्त विभाग के पत्रांक–7355 वि०(2), दिनांक–05.10.2007 के आलोक में उक्त विश्वविद्यालय के लिए स्वीकृत/आवंटित राशि की निकासी हेतु उप निदेशक (त०) विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पदनाम से प्राधिकार पत्र निर्गत करने की आवश्यकता है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/–
(कुमार सिद्धार्थ)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांकः– वि०प्रा०एवं त०शि०(II)स्था०–16/2026 /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः– वि०प्रा०एवं त०शि०(II)स्था०–16/2026 /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, वित्त विभाग/प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग/सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः– वि०प्रा०एवं त०शि०(II)स्था०–16/2026 /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को मंत्रिपरिषद की दिनांक–22.09.2026 को सम्पन्न बैठक में मद संख्या–23 की स्वीकृति के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः– वि०प्रा०एवं त०शि०(II)स्था०–16/2026 /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, निर्माण भवन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः– वि०प्रा०एवं त०शि०(II)स्था०–16 / 2026 6415 / पटना, दिनांक– 08.10.2026

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / निदेशक के निजी सहायक / विभागीय सभी पदाधिकारी / आई०टी० मैनेजर (विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

08/10/26

सरकार के संयुक्त सचिव

सुशील / 05.10.2026